पद संदर्भ संख्या : BIRAC/VAC/102/Oct-2023-CON

पद : वरिष्ठ परामर्शदाता - रणनीतिक साझेदारी एवं उद्यमिता विकास (स्पेड) **पद कोड :CON-31**

कुल पद : 1 (एक)

अवधि : यह नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है एवं विभागीय आवश्यकता एवं कार्य प्रदर्शन के आधार पर नवीनीकरण किया जा सकता है।

समेकित शुल्क : वरिष्ठ परामर्शदाता हेतु समेकित शुल्क 1,25,000/- रु. प्रति माह होगा।

कार्य विवरण : बाइरैक देश में बायोटेक उद्यमिता की संस्कृति विकसित करने में सक्षम है। परामर्शदाता को स्पेड टीम के साथ काम करने और राष्ट्रीय स्तर पर बायोटेक क्षेत्र में नवाचार एवं उद्यमिता विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने और मजबूत करने में योगदान देने का अवसर प्राप्त होगा।

रिपोर्टिंग : वरिष्ठ परामर्शदाता संबंधित कार्यक्रम नेतृत्वकर्ता के साथ मिलकर काम करेंगे तथा अध्यक्ष-स्पेड को रिपोर्ट करेंगे।

मुख्य उत्तरदायित्व :

- बाइरैक की प्रमुख योजनाओं/कार्यक्रमों विशेषकर बायोटेक इग्निशन ग्रांट (बीआईजी), क्षेत्रीय केंद्रों में योगदान हेतु टीम नेतृत्व एवं भागीदारों के साथ काम करना।
- बीआईजी आवेदकों हेतु मूल्यांकन एवं चयन बैठकों की योजना बनाना तथा उनका संचालन करना ; कार्यशालाओं/बैठकों, उद्यमिता प्रशिक्षणों, कार्यक्रमों आदि का मार्गदर्शन करना।
- उपयुक्त संसाधनों, संभावित भागीदारों और हितधारकों की पहचान करना तथा विशेषज्ञ एवं सलाहकार पूल का विस्तार करना।
- उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के औचित्य विस्तार एवं पैमाने को बढ़ाने के लिए अंतराल तथा अवसरों की पहचान करने के लिए आवधिक डेटा विश्लेषण
- संक्षिप्त, उत्तम लेखन सहित विश्लेषणात्मक व्यवसाय एवं तकनीकी दस्तावेज़ तैयार करना ।
- डेटा प्रबंधन एवं गतिशील रिपोर्टिंग हेतु ऑनलाइन मॉड्यूल प्रबंधित करना ; लाभार्थियों/आकांक्षियों के प्रश्नों का समाधान करना ।
- तकनीकी और वित्तीय वितरण प्रबंधित करना ; अनुपालन का अनुसरण करना ; सौंपी गई जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करना ।
- निर्बाध सहयोग के साथ टीम के उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु योगदान करना।
- संभवतः घरेलू यात्रा की आवश्यकता होगी।

अनिवार्य योग्यता :

जीवन विज्ञान/फार्मा/जैव-चिकित्सा विज्ञान/किसी अन्य संबद्ध जैविक विज्ञान क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 4-वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम ;

अथवा

जीवन विज्ञान में 3 साल की स्नातक डिग्री के साथ व्यवसाय प्रशासन/उद्यमिता/सार्वजनिक नीति/सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री ;

वांछनीय योग्यता :

जीवन विज्ञान/अन्य संबद्ध विज्ञान क्षेत्र में पीएचडी।

उत्तम लिखित एवं मौखिक संचार दक्षताएं।

अनुभव : उत्पाद/प्रौद्योगिकी विकास/निवेश प्रबंधन में न्यूनतम 5 वर्ष के उद्योग अनुभव के साथ 11 से 19 वर्ष के बीच; जो प्रदर्शित परिणाम के साथ एक तकनीकी सलाहकार/निवेशक/सेवा प्रदाता के रूप में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल हो।

अधिकतम आयु :

रिक्ति की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम 50 वर्ष।